भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
लिखित प्रश्न सं. 2569
सोमवार, 17 मार्च, 2025/26 फाल्गुन, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

**चयनित पर्यटन स्थलों का विकास**

**2569. श्री दिलेश्वर कामैत:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रत्येक चयनित गंतव्य के लिए विकास योजनाओं में आध्यात्मिक पर्यटन, संस्कृति और विरासत, पारिस्थितिकी पर्यटन और अन्य विषयों को किस प्रकार एकीकृत किया गया है;

(ख) सरकार द्वारा विभिन्न पर्यटन विषयों के अंतर्गत चयनित 42 गंतव्यों के विकास के संबंध में पात्र परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है; और

(ग) किसी भी गंतव्य के विकास के लिए 'चुनौती आधारित' दृष्टिकोण किस प्रकार पारंपरिक रणनीति से भिन्न है और चयनित गंतव्यों के संबंध में इसके क्या परिणाम रहे हैं?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय ने स्वदेश दर्शन योजना की, चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) नामक एक उप-योजना के अंतर्गत देश में 4 श्रेणियों के तहत 42 गंतव्यों को चिह्नित किया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:

| **क्र. सं.** | **थीमेटिक श्रेणी** | **चयनित गंतव्यों की संख्या** |
|---|---|---|
| 1 | आध्यात्मिक पर्यटन | 11 |
| 2 | संस्कृति और विरासत | 16 |
| 3 | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम | 5 |
| 4 | इको पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल | 10 |
| **कुल** | | **42** |

सीबीडीडी के तहत चिह्नित 42 स्थलों का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय ने परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करने हेतु राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के साथ एक टेम्पलेट भी साझा किया है।

प्रक्रिया के अनुसार, योजना के तहत प्राप्त प्रस्तावों की निर्धारित मापदंडों और योजना दिशानिर्देशों के आधार पर जांच की जाती है और उसके बाद पर्यटन मंत्रालय द्वारा उनका मूल्यांकन किया जाता है और मंजूरी के लिए विचार किया जाता है। सीबीडीडी योजना के तहत, परियोजना का मूल्यांकन करते समय बड़े घटकों के अलावा छोटे हस्तक्षेपों को शामिल करने पर भी पर्याप्त रूप से ध्यान दिया गया है।

*****

**अनुबंध**

श्री दिलेश्वर कामैत द्‌वारा चयनित पर्यटन स्थलों का विकास के संबंध में दिनांक 17.03.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 2569 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**'चुनौती आधारित गंतव्य विकास' के अंतर्गत चिह्नित 42 गंतव्यों की सूची**

| क्र.सं. | राज्य | गंतव्य | श्रेणी |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | नागार्जुन सागर | संस्कृति एवं विरासत |
| 2. | आंध्र प्रदेश | अहोबिलम मंदिर | आध्यात्मिक पर्यटन |
| 3. | अरुणाचल प्रदेश | किबिथो | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम |
| 4. | अरुणाचल प्रदेश | बिचोम बांध स्थल | इको पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल |
| 5. | असम | शिवसागर | इको पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल |
| 6. | बिहार | भागलपुर | संस्कृति एवं विरासत |
| 7. | बिहार | सारण जिला (सोनपुर मेला) | संस्कृति एवं विरासत |
| 8. | छत्तीसगढ़ | मयाली बगीचा | इको पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल |
| 9. | गोवा | मायेम गांव | इको पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल |
| 10. | गुजरात | पोरबंदर | आध्यात्मिक पर्यटन |
| 11. | गुजरात | थोल गांव | इको पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल |
| 12. | गुजरात | वडनगर | संस्कृति एवं विरासत |
| 13. | हिमाचल प्रदेश | काजा | संस्कृति एवं विरासत |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | रक्छम, छितकुल | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम |
| 15. | झारखंड | रामरेखाधाम | आध्यात्मिक पर्यटन |
| 16. | केरल | वर्कला | संस्कृति एवं विरासत |
| 17. | केरल | थालास्सेरी | आध्यात्मिक पर्यटन |
| 18. | कर्नाटक | बीदर | संस्कृति एवं विरासत |
| 19. | कर्नाटक | उडुपी | इको पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल |
| 20. | लद्दाख | मुश्कोह गांव | इको पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल |
| 21. | लक्षद्वीप | लक्षद्वीप | इको पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल |
| 22. | मध्य प्रदेश | मांडू | संस्कृति एवं विरासत |
| 23. | मध्य प्रदेश | ओरछा | आध्यात्मिक पर्यटन |
| 24. | महाराष्ट्र | अहमदनगर | संस्कृति एवं विरासत |
| 25. | मणिपुर | लैंगथबलकोनुग | संस्कृति एवं विरासत |
| 26. | मेघालय | नर्तियांग गांव | आध्यात्मिक पर्यटन |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27. | मेघालय | मावफलांग गांव | संस्कृति एवं विरासत |
| 28. | नागालैंड | दोयांग जलाशय | इको पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल |
| 29. | नागालैंड | इमपुर गांव | आध्यात्मिक पर्यटन |
| 30. | पुडुचेरी | व्हाइट टाउन | संस्कृति एवं विरासत |
| 31. | पंजाब | फिरोजपुर (हुसैनीवाला बॉर्डर) | संस्कृति एवं विरासत |
| 32. | पंजाब | रूपनगर (आनंदपुर साहिब) | आध्यात्मिक पर्यटन |
| 33. | सिक्किम | गनथांग गांव | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम |
| 34. | सिक्किम | कबी | आध्यात्मिक पर्यटन |
| 35. | तमिलनाडु | रामेश्वरम द्वीप | आध्यात्मिक पर्यटन |
| 36. | तमिलनाडु | तंजावुर | संस्कृति एवं विरासत |
| 37. | तेलंगाना | नलगोंडा | संस्कृति एवं विरासत |
| 38. | तेलंगाना | कामारेड्डी | इको पर्यटन और अमृत धरोहर स्थल |
| 39. | उत्तर प्रदेश | महोबा | संस्कृति एवं विरासत |
| 40. | उत्तराखंड | माना गांव | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम |
| 41. | उत्तराखंड | जादुंग | वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम |
| 42. | उत्तराखंड | कैंचीधाम | आध्यात्मिक पर्यटन |

*****